दिल की दो बातें | By Ashu Verma

मुझे दिल की दो बातें बाबा से करनी है
बाबा से करनी है ....
ये बता दो ज़रा तुम मिलोगे कहाँ
तुम मिलोगे कहाँ........
मुझे दिल की दो बातें बाबा से करनी है
बाबा से करनी है ....

बातें मन की बतानी है सुनलो तो हरी
मुझको गले लगा लो बाबा बिनती है मेरी
थक गया हूँ प्रभु राह दिखलाओ ना
राह दिखलाओ ना ....
मुझे दिल की दो बातें बाबा से करनी है
बाबा से करनी है ....

रिश्ता अगर ना होता तो बिखर जाता मैं
फिरता मारा ज़माने में संभलता ना मैं
एक झलक पाने को आँखें नम हो गई
आँखें नम हो गई ....
मुझे दिल की दो बातें बाबा से करनी है
बाबा से करनी है ....

चलना तेरे बच्चो को आसां यूँ ना था
सरल अगर गिर जाता तो हँसता ये जहाँ
प्रेमी बन के तेरा क्यूँ मैं जग से डरु
क्यूँ मैं जग से डरु...........
मुझे दिल की दो बातें बाबा से करनी है
बाबा से करनी है ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%a6%e0%a5%8b-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%82-by-ashu-verma/